मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी में प्राथमिकी दर्ज

फतेहपुर सीकरी। कस्बा क्षेत्र के इस्लामगंज निवासी एक युवक के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस्लामगंज निवासी गोपाल पुत्र मानसिंह ने थाना फतेहपुर सीकरी में दी गई तहरीर में बताया कि 29 जुलाई को वह अपनी बेकरी पर जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में अतरसिंह पुत्र मोहनसिंह ने उन्हें रोककर गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट कर दी। मारपीट में गोपाल के सिर में चोट आई। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी अतरसिंह पुत्र मोहनसिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज व धमकी, दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज़

फतेहपुर सीकरी। ग्राम सोनोठी में घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज़ की गई है।

गांव सोनोठी निवासी वीरेन्द्र पुत्र रामखिलाड़ी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 26 जुलाई की सुबह करीब नौ बजे अशोक और राखी उनके घर में घुस आए। आरोप है कि दोनों ने उनके तथा उनकी पत्नी भूरी के साथ मारपीट की। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए घर से निकालने और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में वीरेन्द्र के कान और बाजू में चोटें आईं। थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिव महापुराण कथा में शिव , ब्रह्मा उत्पत्ति व माता सती चरित्र का हुआ भावपूर्ण वर्णन

फतेहपुर सीकरी। कस्बा स्थित ब्रजेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित आदित्य मनोहर पाठक ने भगवान शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रसंगों का रसपान कराया। कथा के दौरान व्यास ने शिव की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान शिव अनादि और अनंत हैं। ब्रह्मा और विष्णु के बीच श्रेष्ठता के विवाद को समाप्त करने के लिए भगवान शिव ने अग्नि स्तंभ के रूप में प्रकट होकर अपने अनंत स्वरूप का दर्शन कराया। उन्होंने कहा कि अहंकार का त्याग कर भगवान शिव की भक्ति ही मोक्ष का मार्ग है। इसके बाद ब्रह्मा जी की उत्पत्ति का प्रसंग सुनाते हुए सृष्टि की रचना और सृजन के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं माता सती चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि माता सती ने अपने पति भगवान शिव के सम्मान की रक्षा के लिए यज्ञ कुंड में देह त्याग दी। यह प्रसंग पति-पत्नी के अटूट विश्वास, समर्पण और आत्मसम्मान का प्रतीक है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे रहे और भगवान शिव के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। कथा के अंत में महाआरती के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कथा में डॉक्टर राजवीर सिंह, पदम सिंह रावत,राजेंद्र प्रजापति, रमेश चंद्र गर्ग सामरा वाले, आकाश प्रजापति आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

हरित, प्रदूषणमुक्त भारत अभियानः एक हजार नीम सीड बॉल का प्रक्षेपण

फतेहपुर सीकरी। पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को 'हरित, प्रदूषणमुक्त भारत' अभियान के तहत एक हजार नीम सीड बॉल (बीज गोला) का विभिन्न स्थानों पर प्रक्षेपण किया गया। अभियान के माध्यम से सड़क किनारे, खाली पड़ी भूमि और अन्य उपयुक्त स्थानों पर सीड बॉल डालकर भविष्य में अधिक से अधिक नीम के पौधे विकसित करने का लक्ष्य रखा गया।




अभियान के संयोजक ऋषि जाट एवं बॉक्सर रामू ने बताया कि सीड बॉल चिकनी मिट्टी, जैविक खाद और नीम के बीजों से तैयार किए गए हैं। प्रत्येक सीड बॉल में तीन से चार नीम के बीज रखे गए हैं, जो अनुकूल मौसम और पर्याप्त वर्षा मिलने पर अंकुरित होकर पौधों का रूप ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि करीब एक हजार सीड बॉल तैयार करने में लगभग दो माह का समय लगा। आयोजकों ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से इन सीड बॉल्स को ऐसे स्थानों पर डाला गया है, जहां भविष्य में हरित क्षेत्र विकसित होने की संभावना है। अभियान में डोनेश राना, विवेक कृष्णा राना, डोली, यशी सहित अन्य सहयोगियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर आयोजकों ने लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा सीड बॉल अभियान जैसे नवाचारों से जुड़ने की अपील की। उनका कहना था कि सामूहिक प्रयासों से ही प्रदूषण पर नियंत्रण और हरित भारत का सपना साकार किया जा सकता है।

नगर निगम के 'चेक बाबू' पर शिकायतों से मचा हड़कंप, जांच रिपोर्ट में देरी पर अफसर सख्त

आगरा। नगर निगम के लेखा विभाग में करीब छह साल से तैनात लिपिक (चेक बाबू) मनोज सेंगर के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर आयुक्त कार्यालय ने सख्ती दिखाई है। शिकायतों में उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए तत्काल हटाने, निलंबन तथा कथित काली कमाई और संपत्ति की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है।

आयुक्त कार्यालय की ओर से 3 जुलाई 2026 को जांच रिपोर्ट मांगी गई थी, लेकिन अब तक रिपोर्ट नहीं मिलने पर अपर आयुक्त (प्रशासन) ने नगर आयुक्त को अनुस्मारक भेजा है। इसमें जांच शीघ्र पूरी कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

शिकायत में मनोज सेंगर की कथित अवैध एवं अकूत संपत्ति की भी जांच कराने और दोष साबित होने पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। अब नगर निगम की जांच में क्या सामने आता है और संबंधित लिपिक पर क्या कार्रवाई होती है, इस पर निगाहें टिकी हैं।



बेशक़ीमती लग्जरी गाड़ी और हाईप्रोफाइल लाइफस्टाइल पर उठे सवाल

अग्र भारत संवाददाता

आगरा। नगर निगम के एकाउंट्स विभाग में तैनात बाबूओ की कथित हाईप्रोफाइल लाइफस्टाइल चर्चा में है। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि बाबू बेशक़ीमती लग्जरी गाड़ी से कार्यालय आते हैं और उनकी जीवनशैली उनकी आय के मुकाबले सवाल खड़े करती है। लंबे समय से एक ही विभाग में तैनाती और लगातार मिल रही शिकायतों के बीच अब उनकी संपत्ति और आय के स्रोतों की जांच की मांग भी उठी है। मामले में जांच रिपोर्ट का इंतजार है।

ब्लॉक प्रमुख निधि से बनी सीसी सड़क पर उठे सवाल, 300 मीटर के बजाय 150 मीटर निर्माण का आरोप

तीन दिन बाद ही निर्माण की गुणवत्ता में झांक रहे भ्रष्टाचार के गड्ढे

अग्र भारत संवाददाता

अछनेरा। ब्लॉक अछनेरा की ग्राम पंचायत मई में ब्लॉक प्रमुख निधि से कराए गए सीसी सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने अनियमितताओं और निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर लगे शिलापट्ट में कालीचरण के मंदिर से निरंजन के प्लॉट तक सीसी सड़क निर्माण कार्य दर्शाया गया है, जबकि मौके पर सड़क केवल कालीचरण के मंदिर से कल्लू के खेत तक ही बनाई गई है। उनका दावा है कि जहां करीब 300 मीटर सड़क का निर्माण होना था, वहां लगभग 150 मीटर ही सीसी सड़क बनाई गई।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण पूरा होने के मात्र तीन दिन बाद ही कई स्थानों पर सीसी सड़क धंसने लगी, जिससे निर्माण की गुणवत्ता में भ्रष्टाचार के गड्ढे झांक रहे रहे हैं। इसकी निष्पक्ष जांच की जाए तो कई जिम्मेदारों की गर्दन फसेंगी, उनका दावा है कि उनके पास मौके के फोटो, वीडियो और अन्य डिजिटल साक्ष्य मौजूद हैं, जिन्हें जांच के दौरान प्रस्तुत किया जा सकता है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं का विरोध करने और शिकायत करने की बात उठाने पर उन्हें 94123×××77 नंबर से फोन कर स्वयं को ब्लॉक प्रमुख बताते हुए पुलिस से उठवाने और जेल भेजने की धमकी दी गई तथा शिकायत न करने का दबाव बनाया गया।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और संबंधित विभागीय अधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, सड़क की वास्तविक लंबाई, निर्माण गुणवत्ता, भुगतान और कार्यदायी एजेंसी की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में ब्लॉक प्रमुख, खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित अवर अभियंता से पक्ष जानने के लिए कई बार फोन पर संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका और उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो पाया।



तीन दिन में उखड़ने लगी सीसी सड़क, निर्माण गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति।



शिलापट्ट में कालीचरन के मंदिर से निरंजन के प्लाट तक का उल्लेख, धरातल पर नहीं

इनका कहना है

मामला संज्ञान में नहीं है। यदि ग्रामीणों की लिखित शिकायत प्राप्त होती है तो नियमानुसार जांच कराई जाएगी और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उपजिलाधिकारी किरावली अभिनव पाठक

सीसी सड़क निर्माण कार्य में ग्रामीणों के साथ खिलवाड़ किया गया है। शिलापट्ट पर दर्ज विवरण और मौके पर हुए निर्माण में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है, जो अनियमितता की ओर इशारा करता है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीण गोविंद सिंह, ग्रामीण

अनियमितताओं का विरोध करने पर उन्हें ब्लॉक प्रमुख के नाम से बताए गए एक मोबाइल नंबर से फोन आया, जिसमें शिकायत करने पर जेल भिजवाने की धमकी दी गई। उन्होंने ग्राम प्रधान की मिलीभगत से स्वीकृत निर्माण कार्य में घोटाला किए जाने का भी आरोप लगाया।

देवेंद्र सिंह,ग्रामीण

लंबे समय के इंतजार के बाद गांव में सड़क का निर्माण हुआ, लेकिन उसमें भी भ्रष्टाचार के आरोप सामने आ रहे हैं। शिलापट्ट पर अंकित विवरण और धरातल पर हुए कार्य में अंतर है, जिसकी निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए।

गिरधारी राजपूत,ग्रामीण

शिलापट्ट पर सड़क का निर्माण मेरे घर तक दर्शाया गया है, जबकि वास्तविक निर्माण वहां तक नहीं हुआ।बोर्ड पर दर्ज जानकारी और धरातल की स्थिति में बड़ा अंतर है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।साथ ही जांच पूरी होने तक उक्त निर्माण कार्य का भुगतान रोकने की मांग की है।

निरंजन सिंह,ग्रामीण

बाबा श्यामनाथ की बगीची पर हुआ दंगल का आयोजन

कई जिले के पहलवानों ने दिखाया अपना दाव

अग्र भारत संवाददाता

आगरा। पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से चली आ रही कुश्ती का शुक्रवार को एक बार फिर आयोजन किया गया। फाउंड्री नगर स्थित बाबा श्याम नाथ की बगीची पर बड़ी संख्या में पहलवान पहुंचे। हजारों रुपए की कुश्ती पर जीत हार हुई। दंगल को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग बगीची पर पहुंचे।

गौरतलब है कि फाउंड्री नगर स्थित बाबा श्याम नाथ की बगीची पर समिति द्वारा हर वर्ष दंगल का आयोजन किया जाता है दंगल को खेलने और जीतने के लिए कई जिले से ही नहीं बल्कि अलग-अलग कई राज्यों के पहलवान मैदान में उतरते हैं इसी क्रम में शुक्रवार को बाबा श्यामनाथ की बगीची पर आयोजित किए गए दंगल में बड़ी संख्या में पहलवान हिस्सा लेने पहुंचे। दंगल में पहला कुश्ती एक लड्डू और ?20 से शुरू हुई जो की आगे बढ़ते बढ़ते हजारों रुपए तक पहुंच गई वहीं दंगल को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे कार्यक्रम आयोजक कौन है बताया कि दंगल का आयोजन दोपहर करीब 3:30 शुरू किया गया था जो की देर रात करीब 10:00 बजे तक चला। दंगल में मुख्य अतिथि सुभाष बघेल और छोटू यादव रहे इसके साथ कमेटी के सदस्यों में रंजीत बघेल बंटी बघेल रवि जीतू बघेल अनूप बघेल दिनेश बघेल हरिश्चंद्र बघेल बलवीर सिंह बघेल आदि मौजूद रहे।



पेंतीखेड़ा रोड एक्सीडेंट घायल को अधिवक्ता ने SDM फतेहाबाद की मदत से पहुंचाया अस्पताल





अग्र भारत संवाददाता

फतेहाबाद। फतेहाबाद के थाना डौकी क्षेत्र में बाजिदपुर से पेतीखेड़ा रोड पर एक बुलेट सवार जख्मी हालत में सड़क किनारे तड़प रहा था। स्थानी लोगों की जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार बोलेरो सवार लहराते हुए पेतीखेड़ा से बाजीदपुर की और से आ रही थी बुलेट सबार बचने के चक्कर में विद्युत पोल से टकरा गया। और बुरी तरह जख्मी हो गया।विद्युत लाइन के दो तार टूट गए। तभी आसपास के लोगों में करंट को लेकर सड़क पर हड़कंप मच गया। तभी घर की तरफ आ रहे एडवोकेट ने तत्काल उप जिलाधिकारी फतेहाबाद स्वाति शर्मा से मदद की गुहार लगाई। तब उप जिलाधिकारी महोदय ने एंबुलेंस सुविधा विद्युत लाइन में करंट की सप्लाई एवं पुलिस सहायता पल भर में भिजवाई। और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल भिजवा दिया गया है।थोड़ी देर बाद जानकारी पर सहदेव पुत्र सौदान सिंह निवासी मोहनलाल की घड़ी जमुना पार टूंडला ने बताया कि यह मेरे बेटी के ससुर देवेंद्र पुत्र अनेक सिंह उम्र 13 साल है।जो नागर परसुआ पूरा राजाखेड़ा धौलपुर के निवासी है।यह मेरे घर से राजाखेड़ा वापस जा रहे थे।लेकिन पुलिस व एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए अस्पताल के लिए भिजवा दिए गए है। जो यहां के स्थानीय लोगों का सराहनीय कार्य है।

हैदराबाद में चमके फिरोजाबाद के दो पुलिसकर्मी, पेंचक सिलाट में जीते कांस्य पदक

फिरोजाबाद। हैदराबाद में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता में फिरोजाबाद पुलिस के दो मुख्य आरक्षियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर जनपद और उत्तर प्रदेश पुलिस का गौरव बढ़ाया है।

23 से 30 जुलाई तक हैदराबाद में आयोजित प्रतियोगिता की पेंचक सिलाट स्पर्धा में फिरोजाबाद में तैनात मुख्य आरक्षी रामू सिंह सिसोदिया और मुख्य आरक्षी गिरधारी सिंह ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, तकनीकी दक्षता और खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया।

पुलिस विभाग के अनुसार, दोनों खिलाड़ी इससे पहले भी ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें खेल कोटे से पदोन्नति भी मिल चुकी है। ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिताओं में यह उनका दूसरा पदक है।

इस उपलब्धि पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे और अपर पुलिस अधीक्षक राजेश गुनावत ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता पूरे पुलिस परिवार के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों खिलाड़ी भविष्य में भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद और उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम रोशन करते रहेंगे।

सीएम ग्रिड परियोजना में मानकों की अनदेखी, ठेकेदार पर पांच लाख रुपये का जुर्माना

निरीक्षण में मिलीं गंभीर खामियां, नगर निगम ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

कार्य में लापरवाही पर पहले भी लगाया जा चुका है एक लाख रुपये का जुर्माना

आगरा। शहर की महत्वाकांक्षी सीएम ग्रिड परियोजना में निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता करने पर नगर निगम प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। नगर निगम के प्रभारी मुख्य अभियंता अरविंद श्रीवास्तव ने सुभाष पार्क से कोठी मीना बाजार और कोठी मीना बाजार से मारुति स्टेट चौराहे तक चल रहे समेकित विकास एवं मरम्मत कार्य में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर कार्यदायी संस्था मै. कोनार्क एसोसिएट्स पर पांच लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि भविष्य में भी लापरवाही बरती गई तो अनुबंध की शर्तों के तहत और अधिक कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार इस योजना का निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। 29 जुलाई को सहायक अभियंता कपीश बुधौलिया एवं क्षेत्रीय अवर अभियंता मुकेश कुमार द्वारा संयुक्त निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में कई गंभीर तकनीकी एवं गुणवत्ता संबंधी कमियां पाई गईं। निर्माण स्थल पर अलग-अलग ब्रांड एवं आकार की निम्न गुणवत्ता वाली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा था, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इसके अलावा 1000 एमएम व्यास की स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन के ज्वाइंट सही तरीके से नहीं भरे गए थे तथा पाइप लाइन का बेस भी मानकों के अनुरूप नहीं मिला। एचडीपी पाइप लाइन के नीचे डाली गई पीसीसी की मोटाई भी निर्धारित मानकों से कम पाई गई, जबकि कई स्थानों पर पीसीसी पहले से सेट होने के बावजूद उसके ऊपर कार्य किया जा रहा था।

निरीक्षण टीम ने पाया कि डीआई पेयजल पाइप लाइन के लिए खोदी गई ट्रेंच की गहराई निर्धारित मानकों से कम है। वहीं 700 एमएम व्यास की मुख्य सीवर लाइन के ऊपर की गई भराई का परत-दर-परत कॉम्पैक्शन नहीं किया गया, जिससे भविष्य में ट्रेंच धंसने और सड़क बैठने की आशंका बनी हुई है। राइडर सीवर का सरेखण भी कई स्थानों पर गलत पाया गया।

जांच में यह भी सामने आया कि स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन के इनवर्ट लेवल में निर्धारित सीमा से अधिक फॉल लिया गया है। इसके अलावा कार्य आदेश जारी होने के चार माह बाद भी साइट पर अनिवार्य मैटेरियल टेस्टिंग लैब स्थापित नहीं की गई थी। निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की भी अनदेखी मिली और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं पाए गए, जिससे श्रमिकों और राहगीरों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हुए।

इन सभी कमियों को गंभीर मानते हुए अधिशासी अभियंता ने ठेकेदार पर पांच लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है तथा निर्देश दिए हैं कि अवर अभियंता एवं सहायक अभियंता के निर्देशानुसार सभी कमियों को तत्काल दूर करते हुए मानकों के अनुरूप कार्य कराया जाए। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि दोबारा इस प्रकार की लापरवाही मिलने पर अनुबंध की शर्तों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कार्य में लापरवाही बरतने पर इस फर्म पर पहले भी एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है।

गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं- नगर आयुक्त

'सीएम ग्रिड परियोजना शहर की महत्वपूर्ण विकास योजनाओं में शामिल है। इसमें गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण में जहां भी तकनीकी खामियां मिली हैं, वहां तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था पर पांच लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। सभी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों, तकनीकी विशिष्टताओं और सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही पूरे कराए जाएंगे। यदि भविष्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या मानकों की अनदेखी पाई गई तो संबंधित संस्था के विरुद्ध अनुबंध की शर्तों के अनुसार और भी कठोर कारवाइ की जाएगी। '

सीएम ग्रिड परियोजना के कार्यों में भी होने लगी गुणवत्ता में गड़बड़ी

सीएम ग्रिड परियोजना के अंतर्गत शहर में चल रहे कामों का रोजाना अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है लेकिन कहीं भी कार्य नियम अनुसार नहीं पाया जा रहा, बल्कि कार्यदाई संस्थाओं पर पर लगातार जुर्माना ठोका जा रहा है । ऐसे में आने वाले समय में कार्यदाई संस्था कैसे गुणवत्ता के साथ कार्य करेगी यह सवाल आम जनता के मन में अब उठने लगा है, प्रभारी मुख्य अभियंता अरविंद श्रीवास्तव के कार्यकाल में यह कार्य भी कहीं कमीशनखोरी की भेंट में चढ़ जाए। अब सीएम ग्रिड परियोजना के कार्यों में देखना होगा कि क्या आने वाले समय में गुणवत्ता के साथ काम होंगे या यहां भी कमीशन की मोटी रकम लेकर गुणवत्ता से समझौता कर लिया जाएगा।

बुद्धा पार्क मामले में क्यों नहीं करते प्रभारी करवाई ?

बताया जाता है कि बुद्धा पार्क के टेंडर में बड़ी अनियमितता की गई है पहली अनियमितता की बात करें तो जिस कार्यदाई संस्था मै. ए. के. एंटरप्राइजेज को टेंडर दिया गया है उसके पास कोई अनुभव प्रमाण पत्र नहीं था लेकिन संस्था द्वारा एक फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र फाइल में लगाकर कार्य ले लिया, जिसका नतीजा यह हुआ कि अभी हाल ही में बुद्धा पार्क में एक नई दीवार गिरी थी इस पर भी प्रभारी एवं नगर आयुक्त ने लीपा पोती करके मामले को दबा दिया इसके अलावा यदि कार्य की गुणवत्ता देखी जाए तो तमाम ऐसी खामियां बुद्धा पार्क में नजर आ रही है जो निश्चित ही नगर निगम के उच्च अधिकारियों पर प्रश्न चिन्ह लगा रही है । बताया जाता है कि इस कार्य का टेंडर 25% बिलो पर इस संस्था द्वारा लिया गया है जिसके चलते ठेकेदार भी कमीशन देकर अपने मनमानी कर रहा है अब यह मामला शीघ्र ही मुख्यमंत्री दरबार में पहुंचने वाला है जहां निगम के अधिकारियों की कमीशन खोरी खुलकर सामने आएगी।

एडीए की नोटिस के बावजूद अवैध कॉम्प्लेक्स का निर्माण जारी, सीलिंग की मांग

आगरा। शाहगंज वार्ड के वायु विहार रोड, कलवारी क्षेत्र में कथित अवैध कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण को लेकर आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) से कार्रवाई की मांग की गई है। इस संबंध में एक स्थानीय निवासी ने एडीए के उपाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने और भवन को सील करने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि करीब 400-500 वर्ग गज भूमि पर बिना स्वीकृत मानचित्र के बेसमेंट की खुदाई कर कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि निर्माण के लिए न तो एडीए से कोई मानचित्र स्वीकृत कराया गया है और न ही कंपाउंडिंग कराई गई है, जिससे राजस्व की भी हानि हो रही है। प्रार्थना पत्र में यह भी दावा किया गया है कि एडीए द्वारा पहले ही निर्माणकर्ता को नोटिस जारी किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य लगातार जारी है। शिकायतकर्ता ने प्राधिकरण से निर्माण कार्य तत्काल रुकवाने, भवन को सील करने तथा संबंधित बिल्डर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।